an>

Title: Need to include glorious history of scholars in academic courses.

श्री सी.पी. जोशी (चित्तौड़गढ़): धन्यवाद अध्यक्ष महोदय । मैं इस विषय पर आपका संरक्षण चाहता हूं । मैं एक गम्भीर विषय को इस सदन में रखना चाहता हूं । …(व्यवधान) देश भर में धर्म, संस्कृति और संस्कार के आधार पर हिन्दुस्तान की पूरी दुनिया में पहचान है । पिछले कुछ समय से धर्म, संस्कृति पर, हमारे महापुरुषों के ऊपर, राष्ट्रीय विचारों के ऊपर बहुत योजनाबद्ध तरीके से हमले किए जा रहे हैं ।…(व्यवधान) मुझे लगता है कि राजस्थान में कांग्रेस की सरकार को एक राष्ट्रवादी फोबिया हो गया है । मैं आपके माध्यम से यह निवेदन करना चाहता हूं कि कांग्रेस के विवेक को इस प्रकार एक वंशवाद का विषाणु समाप्त करता जा रहा है । मेरी आपके माध्यम से सरकार से मांग है……(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री सी.पी. जोशी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।